The


# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

28 - 12– 2022

WEDNESDAY



### 1. अमेरिका व कनाडा में बर्फीला तूफान 'बम चक्रवात' को लेकर जारी किया रेड अलर्ट



बर्फीला तूफान अमेरिका पहुंच गया है। इस "बम चक्रवात" के कारण 18 लोगों की मौत हो गई है। पूरे अमेरिका में हिमपात के साथ बर्फीली हवाएं चल रही हैं। ऐसे में अमेरिका में 5200 उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, देश भर में एयरलाइनों ने शनिवार दोपहर तक लगभग 5200 अमेरिकी उड़ानों को रद्द कर दिया है। जिससे छुट्टियों पर जाने वाले हजारों लोगों को निराशा हुई है।एयरलाइनों ने ये उड़ाने बर्फीले तूफान को देखते हुए रद्द कर दी हैं। बता दें कि पूरे अमेरिका में हिमपात के साथ बर्फीली हवाएं चल रही हैं। कनाडा बार्डर के पास मोनटाना के हावरे में तापमान शून्य से 39 डिग्री नीचे दर्ज किया गया है। विमान, रेल समेत परिवहन सेवाएं बाधित हो गई हैं। कई जगहों पर बर्फ में वाहन फंसे हुए हैं। इसके अलावा कई उड़ानें रद कर दी गई हैं। हजारों अमेरिकी हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं। 20 करोड़ लोग यानि देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी कंपा देने वाली ठंड का सामना कर रही है।पूरे अमेरिका में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। देश की ऊर्जा व्यवस्था चरमरा गई है। तूफान से ट्रांसमिशन लाइनों को क्षति हुई है। 20 लाख से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है।बम चक्रवात के कारण बर्फीले तूफान से लेकर तेज आंधी और भारी वर्षा होती है। यह चक्रवात तब निर्मित हो सकता है, जब ठंडी हवा गर्म हवा से टकराती है। इस प्रक्रिया को बंबोजेनेजिस कहा जाता है। बम चक्रवात आमतौर पर ठंड के दौरान देखने को मिलते हैं, क्योंकि ये चक्रवात ठंडी और गर्म हवा के मिलन के कारण बनते हैं। बम चक्रवात उत्तर-पश्चिमी अटलांटिक, उत्तर-पश्चिमी प्रशांत और कभी-कभी भूमध्य सागर के ऊपर बनते हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के एक मौसम विज्ञानी और जान मूर ने कहा कि ग्रेट लेक्स क्षेत्र में ठंडी आर्कटिक हवा जब पूर्व की ओर बहुत गर्म हवा से मिली थी तो बम चक्रवात बना था।

### 2. भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा असम राज्य में परिसीमन की शुरुआत

कि उसने असम में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन शुरू कर दिया है और सीटों के समायोजन के लिए 2001 जनगणना के आंकड़ों का उपयोग किया जाएगा। आयोग ने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने तक राज्य में नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर एक जनवरी, 2023 से प्रभावी प्रतिबंध लगा दिया गया है।आयोग ने बताया कि परिसीमन अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत, असम में निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम परिसीमन 1971 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 1976 में तत्कालीन परिसीमन आयोग द्वारा प्रभावी किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 8ए के अनुसार असम की विधानसभा और संसदीय सीटों के पुनर्निर्धारण का कदम केंद्रीय कानून मंत्रालय के एक अनुरोध के बाद शुरू किया गया है। परिसीमन एक विधायी निकाय वाले देश या राज्य में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा या सीमाओं को निर्धारित करने की प्रक्रिया है।चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, "मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे व अरुण गोयल के नेतृत्व वाले आयोग ने असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह एक जनवरी 2023 से राज्य में परिसीमन की कवायद पूरी होने तक नई प्रशासनिक इकाइयों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए राज्य सरकार के साथ मामला उठाएं।" असम की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 20 मई, 2026 को समाप्त होगा। राज्य में अभी 14 लोकसभा, 126 विधानसभा और सात राज्यसभा सीटें हैं।चुनावी प्रक्रिया में लोकतांत्रिक रूप से सभी को समान अवसर

मिलता है। समय के साथ भौगोलिक रूप से जनसंख्या घटती-बढ़ती है। इस स्थिति में सभी का रूप से प्रतिनिधित्व हो सके, इसलिए निर्वाचन क्षेत्र का पुनर्निधारण किया जाता है। बढ़ती जनसंख्या के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को सही ढंग से बांटने में परिसीमन प्रक्रिया का अहम होती है। इसका उद्देश्य भी यही है कि हर वर्ग के स्थानीय नागरिक को प्रतिनिधित्व का समान अवसर मिले। परिसीमन के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के हितों को सुरक्षित रखने के लिए आरक्षित सीटों का भी निर्धारण किया जाता है।

### 3. आईआईटी कानपुर द्वारा बनाया गया कृत्रिम हृदय
### Artificial heart made by IIT Kanpur



आईआईटी कानपुर और देश के चुनिंदा कॉडियोलाजिस्ट की टीम ने कमाल कर दिया है। उन्होंने दुनिया का सबसे सस्ता और आधुनिक कृत्रिम हृदय बनाने में सफलता हासिल कर ली है। मई 2023 में इसका एनीमल ट्रायल होगा। उसके एक साल बाद मनुष्य पर क्लीनिकल ट्रायल शुरू होगा। सब ठीक रहा तो 2025 में यह हृदयंत्र ट्रांसप्लांट के लिए उपलब्ध होगा। इसकी कीमत अधिकतम 10 लाख रुपये होगी। अभी तक दुनिया में महज दो अमेरिकी कंपनियां कृत्रिम हृदय बना रही हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपये है।रिसर्च टीम के सदस्य आईआईटी के वैज्ञानिक मनदीप ने कहा-सबसे बड़ी चुनौती मैग्लेव ड्राइव बनाने की थी। यह कृत्रिम हृदय का सबसे महंगा हिस्सा है। अमेरिका के लिए यह एक स्विस कंपनी बनाती है, जिसकी कीमत 80 लाख रुपये है। हमने बहुत कम कीमत में यह ड्राइव तैयार कर ली है। संपूर्ण डिवाइस को हमने ह्यहृदयंत्रह्न नाम दिया है। इसकी तकनीक विकसित हो गई है। अप्रैल तक इसे डिवाइस का रूप देकर मई में हम एनीमल ट्रायल करेंगे। ट्रायल गाय-भैंस या विदेशी सुअर पर होगा। उसके बाद ह्यूमन ट्रायल होगा और 2025 में आईआईटी का दिल लोगों की जान बचाने लगेगा।2021 में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. अभय करंदीकर के निर्देशन में बायोसाइंस एंड बायो इंजीनियरिंग विभाग के हेड प्रो. अमिताभ बंदोपाध्याय की देखरेख में कृत्रिम हृदय पर काम शुरू हुआ। कमेटी में वैज्ञानिक, चिकित्सक व पूर्वछात्र हैं। बेंगलुरू के नारायणा और केजीएमयू के कार्डियो लाजिस्ट के साथ मिलकर शोध शुरू हुआ। 19 माह बाद कृत्रिम हृदय की तकनीक विकसित। मनदीप ने बताया कि इस शोध के दो चरण हैं। तकनीक का पहला चरण पूरा हो गया है।दुनिया का पहला कृत्रिम हृदय अमेरिका में 2017 में बना था। तब यह दो से छह माह के लिए कारगर था। इसे और अधिक बेहतर बनाया गया। 2019 में लांच किया गया कृत्रिम हृदय दो साल तक प्रभावी है।

### 4. राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में लवलीना और निकहत ज़रीन ने जीते स्वर्ण पदक



टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने सोमवार को यहां एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किये जबकि रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने 10 पदकों के साथ टीम ट्रॉफी जीती. असम की लवलीना ने सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) की अरुंधति चौधरी को 75 किग्रा फाइनल में 5-0 से हराया, जबकि निकहत को 50 किग्रा में आरएसपीबी की अनामिका से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा. उन्होंने हालांकि 4-1 के फैसले के साथ अपने खिताब का बचाव किया. वहीं विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन आरएसपीबी के दबदबे का नेतृत्व किया. उन्होंने 48 किग्रा फाइनल में तमिलनाडु की एस कलाइवानी को 5-0 से शिकस्त दी. शिक्षा (54 किग्रा), पूनम (60 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा) और नूपुर (81

किग्रा से अधिक) आरएसपीबी के अन्य स्वर्ण पदक विजेता बने. आरएसपीबी ने तीन रजत और दो कांस्य पदक भी जीते. चैम्पियनशिप का रजत पदक मध्यप्रदेश (एक स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य) और कांस्य पदक हरियाणा (दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक) के नाम रहा.युवा विश्व चैम्पियनशिप 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज सनामाचा चानू ने 70 किग्रा वर्ग में मध्यप्रदेश की श्रुति यादव को 3-2 से हराया. हरियाणा की मनीषा (57 किग्रा) और स्वीटी (81 किग्रा), एसएससीबी की साक्षी (52 किग्रा), मध्य प्रदेश की मंजू बम्बोरिया (66 किग्रा) ने भी टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते. इस प्रतियोगिता में 12 वर्गों में 302 मुक्केबाजों ने भाग लिया

## 5. साइकिलिस्ट स्वस्ति सिंह को प्रदान किया वर्ष 2022 का एकलव्य पुरस्कार




अंतर्राष्ट्रीय साइकिल चालक स्वस्ति सिंह को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित 30वें एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने रविवार को भुवनेश्वर में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से स्वस्ति को प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना।मर्क्यूरियल साइकिलिस्ट स्वस्ति ने राष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण और इतने ही पदक जीते हैं। स्वस्ति, जिन्होंने कई राष्ट्रीय आयोजनों में राज्य का प्रतिनिधित्व किया है और 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2022 तक सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रतिभा का श्रेय दिया है, इस वर्ष स्पष्ट विजेता के रूप में उभरी हैं।स्वस्ति को कोविद -19 प्रतिबंधों के अवलोकन के तहत आयोजित होने वाले एकलव्य पुरस्कार समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।स्वस्ति के अलावा, दो अन्य खिलाड़ियों को भी उनके संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा।होनहार अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर प्यारी ज़ाक्सा और नवोदित अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शिलानंद लाकड़ा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।दोनों को एक-एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। 50,000 प्रत्येक उद्धरण के साथ। एकलव्य पुरस्कार समारोह की तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।IMPACT द्वारा स्थापित एकलव्य पुरस्कार, IMFA की धर्मार्थ शाखा, देश में अग्रणी फेरो अलॉयज उत्पादक, वर्ष 1993 में, ओडिशा के सबसे प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए एक लंबा सफर तय किया है, जो कई राष्ट्रीय के साथ समानताएं चित्रित करता है। पुरस्कार।पिछले कई पुरस्कार विजेताओं के करियर ग्राफ पर एक नज़र इस बात की पुष्टि करती है कि पिछले कुछ वर्षों में, यह राज्य में सर्वश्रेष्ठ खेल प्रतिभाओं के लिए एक नैतिक बूस्टर रहा है। यह पुरस्कार हर साल ओडिशा के युवा खिलाड़ियों को पिछले दो वर्षों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा करते हुए, एकलव्य पुरस्कार समिति के अध्यक्ष और इम्पैक्ट के ट्रस्टी बैजयंत पांडा ने कहा, "इम्पैक्ट बड़े पैमाने पर समाज के सामान्य कल्याण में योगदान देने के अलावा खेल और साहित्य में उत्कृष्टता को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। एकलव्य पुरस्कार युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने के लिए स्थापित किया गया है।

## 6. सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा भारत का पहला श्योरिटी बॉन्ड इंश्योरेंस किया गया लॉन्च



गडकरी ने कहा कि नए श्योरिटी बॉन्ड बीमा के साधन से कंपनियों के पास मौजूद पूंजी, लिक्विडिटी और क्षमता में

सुधार होगा और इससे पूरे सेक्टर को लाभ मिलेगा. ये देश के विकास में निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कवच बनेगा. इससे न केवल निर्माण परियोजनाएं समय से पूरी होंगी बल्कि देश की विकास रफ्तार भी बढ़ेगी. पहली बार सरकारी योजनाओं के समय से पूरा होने की गारंटी देने वाली इंश्योरेंस योजना के तहत बजाज एलियांज के 'श्योरिटी बॉन्ड इंश्योरेंस' जारी किए गए हैं. केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा जारी किए ये बॉन्ड्स अब पारंपरिक बैंक गारंटी के विकल्प बनकर आए हैं. इससे निर्माता कंपनी का जोखिम कम होगा और देश की प्रगति की गति को शक्ति मिलेगी. जानकारी के मुताबिक निर्माता कंपनियों को पहली बार बैंक गारंटी का विकल्प मिला है. अब बैंक गारंटी में बंधी पूंजी वर्किंग कैपिटल के रूप में काम आएगी.नितिन गडकरी ने देश के पहले 'श्योरिटी बॉन्ड इंश्योरेंस' लॉन्च करते हुए कहा कि भारत 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को पूरा करने की राह पर तेज़ी से अग्रसर है. इस राह में यह बीमा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा. इस सपने को साकार करने के लिए ज़रूरी है कि हम जल्दी से जल्दी और अधिक तेज़ी से और समय पर अपने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पूरा करें. विशेषकर हमारी सड़कें, हाइवे और अन्य अहम परियोजनाएं. गडकरी ने कहा कि नए श्योरिटी बॉन्ड बीमा के साधन से कंपनियों के पास मौजूद पूंजी, लिक्विडिटी और क्षमता में सुधार होगा और इससे पूरे सेक्टर को लाभ मिलेगा. ये देश के विकास में निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कवच बनेगा. इससे न केवल निर्माण परियोजनाएं समय से पूरी होंगी बल्कि देश की विकास रफ्तार भी बढ़ेगी. बजाज एलियांज के ये उत्पाद देश में शुरू की जाने वाली आगामी परियोजनाओं की गति प्रगति बढ़ाने और देश में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है.

### 7. अनिल कुमार लाहौटी को रेलवे बोर्ड का चेयरमैन और CEO किया गया नियुक्त



मूल रूप से शहर के रहने वाले लाहौटी परिवार के सबसे छोटे पुत्र को रेलवे बोर्ड का चेयरमैन और CEO नियुक्त किया गया है। अभी तक वह इंडियन रेलवे बोर्ड की इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी के मेंबर के रूप में कार्य कर रहे थे। 1 जनवरी से उन्हें चेयरमैन बनाया गया है।बता दें कि शहर के लाहौटी परिवार से कई सदस्यों ने देश के उच्च पदों पर काम किया है। उनके बड़े भाई रमेशचंद्र लाहौटी देश के CJI रहे। सबसे बड़े भाई रामनिवास लाहौटी मध्यप्रदेश में इरीगेशन के चीफ इंजीनियर रहे। एक और भाई जीके लाहौटी शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर हैं और एक निजी अस्पताल का संचालन करते हैं। केके लाहौटी हाई कोर्ट जबलपुर के जस्टिस पद से रिटायर हुए हैं।24 दिसंबर को उनकी नियुक्ति का आदेश सचिवालय, भारत सरकार ने जारी किया है। अपॉइंटमेंट कमेटी की सेक्रेटरी दीप्ति उमाशंकर ने उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया है। वह आगामी आदेश तक चेयरमैन और CEO के रूप में काम करेंगे।अनिल कुमार लाहौटी ने पद पर रहते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने की योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसमें जमीन और हवाई क्षेत्र का व्यावसायिक विकास और सार्वजनिक निजी क्षेत्र का विकास शामिल है। उन्होंने आनंद बिहार की ओर एक नए दिशात्मक टर्मिनल की योजना और निर्माण भी किया है। दिल्ली में भीड़भाड़ कम करने के लिए आनंद विहार और नई दिल्ली स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार के विकास की योजना में महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने रेलवे में प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मुख्य अभियंता (निर्माण) रहते हुए नई लाइनों, दोहरीकरण, यार्ड रीमॉडेलिंग और महत्वपूर्ण पुलों की ढांचागत परियोजनाएं विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### 8. जनजातीय मामलों के मंत्रालय व नेस्ट अमेज़न द्वारा फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम के लिए प्रशिक्षण करेगा आयोजित

6 राज्यों के 54 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) शिक्षकों को फेस-टू-फेस प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम मॉड्यूल में कंप्यूटर साइंस की शुरूआती जानकारी, कोडिंग का परिचय, लॉजिकल अनुक्रमण, लनिरंग लूप्स, कोड डॉट ओआरजी जैसे ओपन सिक्योर सोर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए ब्लॉक प्रोग्रामिंग, टेक स्पेस पर चर्चा के लिए क्लास चैट सेशन और विभिन्न तकनीकी पहल आदि को शामिल किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरूआत 6 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना में लगभग 54 विद्यालयों में की जाएगी। इन विद्यालयों के पास कंप्यूटर लैब और निरंतर इंटरनेट कनेक्टिविटी सहित डिजिटल अवसंरचना मौजूद हैं। एकलव्य विद्यालयों के इन शिक्षकों को जनजातीय और छात्रों के लिए डेटा-कोडिंग कौशल, सरल कम्प्यूटेशनल कौशल व कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी जाएगी।यहां आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी व करियर के लिए छात्रों की तैयारियों को मजबूती दी जाएगी। पहले चरण में, वाईएमसीए ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में 28 और 29 दिसंबर 2022 को दो दिवसीय फेस-टू-फेस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के मुताबिक अमेजन फ्यूचर इंजीनियर (एएफई) - सीएसआर कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा और कंप्यूटर विज्ञान में एक उपयोगी कैरियर की खोज में छात्रों की रुचि विकसित करना है। यह शिक्षकों को कंप्यूटर विज्ञान के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने और इसको जानने के लिए आवश्यक संसाधन और सहायता भी प्रदान करता है।जनजातीय छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी (एनईटीएस) यह पहल कर रही है। लनिरंग लिंक्स फाउंडेशन (एलएलएफ) के सहयोग से अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम (सीएसआर प्रोग्राम) को लागू करने में सहयोग कर रहा है। इसके लिए ईएमआरएस शिक्षकों के लिए दो दिवसीय फेस-टू-फेस क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## ONE LINER

**किस केन्द्रीय मंत्री ने 2023 के लिए भारत सरकार के ऑफिसियल कैलेंडर को लांच किया है-अनुराग ठाकुर**
**भारत सरकार ने मेनलाइन स्पोर्ट के रूप में किस खेल को मान्यता दी है- ई-स्पोर्ट्स**
**भारत में ओमान के नए राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया है-इस्सा सालेह अब्दुल्ला अल शिबानी**
**इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रेसिडेंट किसे चुना गया है- संजय सिंह**
**किस देश ने हाल ही में भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी किया है-सर्बिया**
**पहले 'केआर गौरी अम्मा नेशनल अवार्ड' से सम्मानित, एलिडा ग्वेरा किस देश की निवासी है- क्यूबा**
**तमिलनाडु की शहरी सेवाओं में सुधार के लिए, भारत सरकार ने किसके साथ $125 मिलियन के लोन के लिए करार किया है- एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB)**

## QUIZ

**1. किस स्टार्टअप ने कार्बन फुटप्रिंट सेंसिटाइज करने वाला ऐप लॉन्च किया है?**

**(a) माईप्लान8**
**(b) डिजिटल ग्रीन**
**(c) डिवाइस अर्थ**
**(d) जुनरूफ़**

**Explanation - : स्टार्टअप फर्म 'माईप्लान8' (Myplan8) ने हाल ही में, लोगों को उनके कार्बन**

फुटप्रिंट के बारे में संवेदनशील (सेंसिटाइज) बनाने और कार्बन इमिशन को कम करने में मदद के लिए एक ऐप लांच किया है. यह ऐप लोगों के प्रतिदिन की एक्टिविटी के कारण उत्पन्न होने वाले कार्बन फुटप्रिंट को ट्रैक करने में मदद करेगा. स्टार्टअप का लक्ष्य Myplan8 में 100 मिलियन लोगों को रजिस्टर करना है. कार्बन फुटप्रिंट" किसी व्यक्ति या आर्गेनाइजेशन द्वारा उत्पादित CO2 उत्सर्जन की कुल मात्रा को संदर्भित करता है.

**2. निम्न में से कौन अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले विश्व के दूसरे बल्लेबाज बन गए है?**

(a) जो रूट
(b) बेन स्ट्रोक
(c) केन विलियम्सन
(d) डेविड वार्नर

Explanation - : ऑस्ट्रेलिया के स्टार ओपनर डेविड वार्नर ने अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए है इसके साथ ही वह इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट के साथ एक विशेष क्लब में शामिल हो गए है. डेविड वार्नर अपने 100वें टेस्ट में शतक लागने वाले दुनिया के 10वें खिलाड़ी भी बन गए है. यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए है. साथ ही वह 8,000 टेस्ट रन पूरे करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी बन गए है.

**3. पहले 'केआर गौरी अम्मा नेशनल अवार्ड' से किसे सम्मानित किया गया है?**

(a) बोंदिता आचार्य
(b) एलिडा ग्वेरा
(c) अल्बर्टीना अल्मेडा
(d) इकबाल अहमद अंसारी

Explanation - : पहले केआर गौरी अम्मा नेशनल अवार्ड की घोषणा कर दी गयी है. यह अवार्ड क्यूबा की सोशल एक्टिविस्ट डॉ एलिडा ग्वेरा (Dr Aleida Guevara) को दिया गया है. यह अवार्ड आर गौरी अम्मा फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है. डॉ एलिडा ग्वेरा क्यूबा की एक ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट (human rights activist) है जो क्यूबा में विकलांग बच्चों के रहने के लिए दो घरों का संचालन करती है. इस अवार्ड की शुरुआत केआर गौरी अम्मा की स्मृति में की गयी थी.

**4. किस राज्य की शहरी सेवाओं में सुधार के लिए, भारत सरकार ने एडीबी के साथ $125 मिलियन के लोन के लिए करार किया है?**

(a) तमिलनाडु
(b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश
(d) केरल

Explanation - : भारत सरकार और एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) ने तमिलनाडु राज्य के तीन शहरों में जलवायु-प्रतिरोधी सीवेज सिस्टम और वाटर ड्रेनेज सिस्टम और वाटर सप्लाई सिस्टम को विकसित करने के लिए $125 मिलियन के ऋण पर हस्ताक्षर किए है. इसकी मदद से कोयम्बटूर में 529 किलोमीटर लम्बे सीवेज कलेक्शन पाइपलाइनों के साथ दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विकास किया जायेगा. साथ ही 14 किमी सीवेज पंपिंग मेन का निर्माण भी किया जायेगा. ADB की स्थापना 1966 में की गयी थी. इसका मुख्यालय मनिला (मंडालुयोंग), फिलीपींस में है.

**5. इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रेसिडेंट किसे चुना गया है?**

(a) अनिल सक्सेना
(b) कुलदीप सिंह राणा
(c) संजय सिंह
(d) ऋतुराज बरुआ

Explanation - : इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोसिएशन (IOOA) ने आज घोषणा की कि संजय सिंह को हाल ही में संपन्न पदाधिकारियों के चुनाव में इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोसिएशन का अखिल भारतीय अध्यक्ष चुना गया है. वह IIT-रुड़की से केमिकल इंजीनियर की डिग्री ली है. वह दिसंबर 1981 में ट्रेनी इंजीनियर के रूप में IOC में शामिल हुए थे. इनके अलावा रितुराज बरुआ को उपाध्यक्ष और अनूप सिंह को महासचिव चुना गया है.

**6. किस देश ने हाल ही में भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी किया है?**

(a) रूस
(b) सर्बिया
(c) स्पेन
(d) अर्जेंटीना

**Explanation - :** सर्बिया के डाक विभाग ने हाल ही में भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ (AzadiKaAmritMahotsav) के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी किया है. सर्बिया के पहले उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री की उपस्थिति इसे जारी किया गया है. सर्बिया में भारतीय दूतावास ने एक ट्वीट के माध्यम से इस बात की जानकारी दी है. सर्बिया दक्षिण पूर्व यूरोप में एक लैंडलॉक देश है जिसकी राजधानी बेलग्रेड है.

**7. 'ग्रीन मेथनॉल' के कमर्शियल प्रोडक्शन की सुविधा के विकास के लिए NTPC ने किसके साथ एक MoU साइन किया है?**

(a) मैयर टेक्निमोंट ग्रुप
(b) टाटा पॉवर
(c) लेट्यूस ग्रो
(d) ब्लू एप्पल

**Explanation - :** भारत की सबसे बड़ी पॉवर जनरेशन कंपनी NTPC ने 'ग्रीन मेथनॉल' के कमर्शियल प्रोडक्शन की सुविधा को विकसित करने और इसका मुल्यांकन करने के लिए इटली की मैयर टेक्निमोंट समूह (Maire Tecnimont Group) के साथ एक MoU साइन किया है. ग्रीन मेथनॉल, मेथनॉल का ही एक रूप है जिसका प्रोडक्शन नवीकरणीय (renewably) रूप से और बिना प्रदूषणकारी उत्सर्जन (polluting emissions) के किया जाता है. ग्रीन मेथनॉल मरीन ट्रांसपोर्ट के लिए एक बेहतर विकल्प है.